# वार्ड 60 में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

## कार्यकर्ताओं की मेहनत ही पार्टी को मजबूत करेगी : डॉ . सिकरवार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 12 जुलाई।** भाजपा सरकार जनता को असली मुद्धों से भटकाने एवं भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही है। विकास व प्रगति के साथ मंहगाई, बैरोजगारी और भ्रष्टाचार पर बात नहीं कर रही है। आम जनता लगातार बढ रही मंहगाई से परेशान है और भाजपा ने जनहित के मुद्धों पर आंख और मुंह बंद कर लिया है। कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सर्वहारा वर्ग के उत्थान के साथ गरीब कल्याण की बात रखती है। आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत ही पार्टी को मजबूत करने का काम कर रही है और यही मेहनत वर्ष 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनायेगी। यह विचार आज 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार वार्ड क्रमांक 60 के कार्यकर्ता सम्मेलन में व्यक्त किये।

विधायक डॉ सिकरवार ने कहा है कि वार्डों की बैठक के बाद 1 ओर 2अगस्त को प्रशिक्षण वर्ग होगा। सफाई अभियान चलाने, रक्षा बंधन वार्ड स्तर पर मनाने, शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम करने जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की गई।




उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुरार के वार्ड क्रमांक 60 में सायं 5 बजे मोहन वाटिका शकुन्तलापुरी में सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई।

बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, अनुसूचित जाति विभाग जिलाअध्यक्ष एवं पार्षद केदार बरहादिया, वीणा भारद्वाज, वार्ड अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश गुप्ता, बेताल सिंह 'मामा', मुन्नीलाल जोशी, राकेश कुशवाह, प्रताप यादव, केवल सिंह, अशोक सुमन, रणवीर सिंह मौर्य, सुधीर मण्डेलिया, रामेश्वर सिंह घुरैया, केशव यादव समेत सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 14 जुलाई को होगी वार्ड 45, 56 एवं 57 की बैठक

आगामी दिनांक 14 जुलाई को विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 45, 56 एवं 57 की बृहद बैठक आयोजित की जायेगी। वार्ड 45 की बैठक सायं 5 बजे विधायक कार्यालय ललितपुर कॉलोनी, वार्ड 56 की बैठक सायं 6 बजे हॉल मार्क स्कूल पारस विहार कॉलोनी नाका चन्द्रवदनी एवं वार्ड 57 की बैठक सायं 7 बजे अम्बेडकर भवन बीजासेन मौहल्ला नाका चन्द्रवदनी में आयोजित होगी।

## एक्टिवा की टक्कर से बछिया की मौत,चालक फरार

**ग्वालियर, 12 जुलाई।** शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवाई गेट के पास शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहाँ एक तेज रफ्तार एक्टिवा चालक ने एक बछिया को टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल हुई बछिया की कुछ देर बाद ही मौत हो गई। घटना शनिवार शाम करीब 4:30 बजे की है, जब उरवाई गेट स्थित दून पब्लिक स्कूल के सामने एक युवक नीले रंग की एक्टिवा को लापरवाही से चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और उसने वहां खड़ी बछिया को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बछिया की जान चली गई। घटना के तुरंत बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। बछिया की मौत की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने मौके पर जमकर हंगामा किया। लोगों ने आरोपी चालक के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# वृक्षारोपण कार्य को जन आंदोलन बनाएं : सिलावट

▶ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत एयरपोर्ट परिसर में किया गया वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश भर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। ग्वालियर में रविवार को जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मिलकर एयरपोर्ट परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट के साथ ही जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने वृक्षारोपण में भागीदारी की।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एयरपोर्ट परिसर में किए गए वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर रावत, क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह, विधायक भितरवार मोहन सिंह राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक जादौन, साडाध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, कौशल शर्मा सहित जनप्रतिनिधि सहित कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम के अपर आयुक्त टी प्रतीक राव ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों से कहा है कि बरसात के मौसम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जिले भर में वृहद वृक्षारोपण का कार्य हाथ में लिया जाए। वृक्षारोपण के कार्य में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए।






# एफपीआई द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 12 जुलाई।** फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ग्वालियर ब्रांच द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, समाज, परिवार नियोजन एवं स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र सिंह कुशवाहा उपस्थित थे उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों का समाधान केवल जागरूकता, शिक्षा और जिम्मेदार नागरिकता से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें तथा परिवार नियोजन और जनसंख्या संतुलन के महत्व को समाज तक पहुँचाएँ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री आशीष सोनी ने की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और शिक्षित युवा ही देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना समय की आवश्यकता है।

ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर श्री पंकज अग्रवाल ने युवाओं को परिवार नियोजन, प्रजनन स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवनशैली तथा स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि सही जानकारी और जागरूकता से ही स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित युवाओं ने जनसंख्या संतुलन, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश अपने परिवार और समाज तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## केआरएच परिसर बना बाइक चोरों का अड्डा

**ग्वालियर, 12 जुलाई।** जेएएच समूह के कमलाराजा अस्पताल परिसर में बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही के चलते अस्पताल अब बाइक चोरों के लिए पसंदीदा स्थान बनता जा रहा है। ताजा मामले में, एक युवक की बाइक अस्पताल के गेट के बाहर से ही अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दी गई।

पीड़ित साहिल खान, जो लक्कड़खाना पुल, देवनगर (माधौगंज) का निवासी है, ने बताया कि उसका एक रिश्तेदार कमलाराजा अस्पताल में भर्ती है। शुक्रवार की रात वह अपने बीमार रिश्तेदार का हालचाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचा था। साहिल ने अपनी बाइक (नंबर यूपी 93 एसी-0529) को अस्पताल के गेट के पास सुरक्षित खड़ी की थी। रात करीब ढाई बजे जब साहिल वापस लौटा और अपनी बाइक लेने पहुंचा, तो उसे वहां बाइक नहीं मिली। आसपास काफी तलाश करने और लोगों से पूछताछ करने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला, तो उसे चोरी का अहसास हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित युवक तत्काल कंपू थाना पहुँचा। पुलिस ने साहिल खान की शिकायत पर बाइक चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।







# आसमानी माता चल समारोह में उमड़ा जनसैलाब

## सिद्धेश्वर नगर मुरार में परंपरागत मेले का आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 12 जुलाई।** सिद्धेश्वर नगर मुरार स्थित श्री आसमानी माता मंदिर पर रविवार को परंपरागत वार्षिक मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं और दूर-दराज से आए भक्तों ने शिरकत कर माता रानी के दर्शन किए और प्रसादी ग्रहण की।

मेले के अवसर पर दशकों पुरानी परंपरा का पूरी श्रद्धा के साथ निर्वहन किया गया। परंपरा के अनुसार नदी पार कुम्हरपुरा, कृष्णपुरी और काल्पी ब्रिज से भव्य और आकर्षक चल समारोह (शोभायात्रा) निकाले गए। इन चल समारोहों में माता के जयकारों के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते हुए मंदिर परिसर पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

### प्रमुख जनप्रतिनिधि और सामाजिक बंधु रहे मौजूद

इस मांगलिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल से पधारे अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष श्री कैलाश जाटव उपस्थित रहे। उनके साथ ग्वालियर के कई वरिष्ठ राजनेता, पार्षद और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी माता के दरबार में हाजिरी लगाई। कार्यक्रम में कैलाश जाटव,अध्यक्ष, अनुसूचित जाति आयोग, भोपाल, जितेन्द्र कुशवाहा क्षेत्रीय पार्षद, महेश उमरिया पूर्व महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी, राकेश माहौर पूर्व सभापति, नगर निगम, हरपाल माझी, केशव माझी सेवक बाथम, दीपक माझी पार्षद, लधेड़ी, गोपाल बाथम, मोनू, भारत सिंह बाथम आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### मंदिर समिति ने किया अतिथियों का स्वागत

मेले को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने में मंदिर समिति का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान मंदिर अध्यक्ष हरीश चंद्र कोरी और मुख्य सेवादार सहित पूरी प्रबंध समिति ने आए हुए अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया। मंदिर के सेवादारों ने व्यवस्थाएं संभालते हुए श्रद्धालुओं के लिए सुलभ दर्शन और भंडारे की व्यवस्था सुनिश्चित की। देर शाम तक चले इस मेले में चारों तरफ उल्लास और आस्था का माहौल देखा गया।

## एमबीए में प्रवेश के लिए 19 से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन डीटीई ने किया बदलाव

**ग्वालियर, 12 जुलाई।** तकनीकी शिक्षा संचालनालयल की काउंसलिंग समिति ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संशोधित समय-सारणी जारी कर दी है। अब तकनीकी संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया के तहत 19 जून से पुन: रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू होगी। विभाग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, प्रथम चरण की समाप्ति के बाद रिक्त रह गई सीटों और नए आवेदकों के लिए द्वितीय चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**रजिस्ट्रेशन:** द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की प्रक्रिया 22 जुलाई से 26 जुलाई रात 11.45 बजे तक निर्धारित की गई है।

**त्रुटि सुधार:** रजिस्ट्रेशन में किसी भी प्रकार के सुधार के लिए 27 जुलाई से 28 जुलाई शाम 5.30 बजे तक का समय दिया जाएगा।

**मेरिट लिस्ट:** द्वितीय चरण की कॉमन मेरिट लिस्ट 31 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी।

**चॉइस फिलिंग:** चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 25 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगी।

प्रवेश: **चयनित छात्रों को सीट आवंटन** पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता और आवंटित कॉलेज में मूल दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के साथ प्रवेश लेने के लिए 4 अगस्त से 8 अगस्त शाम 6.30 बजे तक का समय दिया गया है

प्रथम और द्वितीय चरण की मुख्य काउंसलिंग के बाद भी यदि सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो कॉलेज स्तर पर काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अवधि 7 अगस्त से 10 अगस्त तक तय की गई है। सीएलसी राउंड के माध्यम से कॉलेज में उपस्थित होकर प्रवेश लेने की तिथि 11 अगस्त को प्रात: 10.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक रहेगी। यदि इसके उपरांत भी सीटें रिक्त रहती हैं, तो 12 अगस्त से 14 अगस्त दोपहर 12.30 बजे तक रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि रहेगी और 14 अगस्त को प्रात: 10.30 से शाम 6.30 बजे तक प्रवेश का अंतिम अवसर दिया जाएगा।



# रात्रि चौपाल : कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएँ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जुलाई।** जिला प्रशासन की जनहितैषी पहल रविवार की रात जनपद पंचायत मुरार के ग्राम बरेठा में आयोजित रात्रि चौपाल में साकार हो उठी। ग्राम पंचायत भवन के सामने चबूतरे पर ग्रामीणों के बीच अनौपचारिक माहौल में बैठीं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने न केवल उनकी समस्याएँ सुनीं, बल्कि मौके पर ही उनके समाधान कराकर शासन के प्रति अमजन का विश्वास भी मजबूत किया। चौपाल में किसानों को मौसम की परिस्थितियों के अनुरूप लाभकारी खेती का मार्गदर्शन मिला तो जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता और उपचार का पुख्ता भरोसा भी मिला। चौपाल में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए।

चौपाल के दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान ने किसानों से खरीफ फसल की तैयारियों पर चर्चा की। अधिकांश किसानों ने धान लगाने की बात कही। इस पर उन्होंने बताया कि इस वर्ष अपेक्षाकृत कम वर्षा हुई है तथा आगे भी वर्षा में विलंब की संभावना है। ऐसी स्थिति में किसानों को कम पानी में अधिक लाभ देने वाली वैकल्पिक फसलों को अपनाने की सलाह दी गई। मार्गदर्शन से प्रभावित होकर 20 किसानों ने तिल तथा 10-10 किसानों ने टमाटर एवं मशरूम उत्पादन अपनाने के लिए मौके पर ही अपने नाम दर्ज कराए। चौपाल में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजन सिंह रावत एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री दिलराज सिंह किरार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसआई बनवाने का झांसा देकर 14 लाख की ठगी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जुलाई।** शहर के थाटीपुर थाना क्षेत्र में सरकारी नौकरी का झांसा देकर भाई-बहन से 14 लाख रुपये की ठगी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शातिर ठगों ने पीड़ित भाई-बहन को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) की नौकरी दिलाने का सपना दिखाया और उनसे मोटी रकम ऐंठ ली। जब पीड़ित नियुक्ति पत्र लेकर आरपीएफ कार्यालय पहुंचे, तो पता चला कि उन्हें थमाए गए दस्तावेज पूरी तरह फर्जी हैं।

**ऐसे शुरू हुआ जालसाजी का खेल:** मामला अगस्त 2023 का है। थाटीपुर डिस्पेंसरी में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ चंद्रलेखा की मुलाकात विक्रम राणा नाम के एक व्यक्ति से हुई। विक्रम अपनी किसी रिश्तेदार की डिलीवरी के सिलसिले में डिस्पेंसरी आया था। बातचीत के दौरान विक्रम ने चंद्रलेखा का भरोसा जीत लिया और दावा किया कि वह उनकी बेटी स्वाति और भतीजे सिद्धार्थ जैन को आरपीएफ में सब-इंस्पेक्टर की नौकरी लगवा सकता है। आरोपी ने प्रति व्यक्ति सात लाख रुपये की मांग रखी, जिस पर पीड़ित परिवार राजी हो गया।

### फर्जी दस्तावेज थमाकर हड़पे पैसे

आरोपी विक्रम ने विश्वास दिलाने के लिए अपने साथियों अनूप और जितेन्द्र से भी पीड़ितों की मुलाकात कराई। उसने पीड़ितों से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और मार्कशीट पर हस्ताक्षर करवा लिए और बदले में उन्हें एसआई पद के नियुक्ति पत्र सौंप दिए। इसके एवज में उन्होंने 14 लाख रुपये की राशि ले ली। जब पीड़िता ने नियुक्ति पत्रों की सत्यता पर सवाल उठाए और पैसे वापस मांगे, तो आरोपी उन्हें लगातार झूठा दिलासा देते रहे।

दफ्तर पहुंचे तो खुला राज

जब पीड़ित भाई-बहन नियुक्ति पत्र लेकर दानापुर स्थित रेलवे विभाग के कार्यालय पहुंचे, तो वहां तैनात अधिकारियों ने उन्हें बताया कि ये नियुक्ति पत्र पूरी तरह से फर्जी हैं। यह सुनकर पीड़ितों के होश उड़ गए। मामले की शिकायत लेकर वे पुलिस के पास गए, लेकिन वहां से कोई ठोस कार्रवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

न्यायालय में लगाई गई याचिका की सुनवाई के बाद पुलिस को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए गए। थाटीपुर थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए आरोपी विक्रम राणा और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

**इनका कहना है...**

थाटीपुर थाना प्रभारी विपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सफाई मजदूर प्रकोष्ठ ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम हाउस घेरा

▶ अधिकारों की लड़ाई हमेशा जारी रहेगी : जयराज चौहान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी सफाई मजदूर कामगार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जयराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से मुख्यमंत्री निवास तक का घेराव सफाई मजदूर कामगारों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किया गया। इसके पूर्व प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई जिसमें सफाई मजदूर कामगार प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वाल्मीकि समाज



के युवा नेता इंजीनियर ऋषभ राज चौहान को श्रद्धांजलि दी गई और उनके द्वारा समाज में किए गए योगदान पर भी प्रकाश डाला गया।

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दलित वर्ग के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।

पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने इस मौके पर कहा कि वाल्मीकि समाज कांग्रेस के प्रति पूरी तरह निष्ठा और समर्पण भाव से काम करती है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सफाई मजदूर कामगार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जयराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पिछले 20 वर्षों से मध्य प्रदेश के नगरीय निकाय, नगर निगम, नगर पंचायत और प्राइवेट सेक्टर में कार्यरत सफाई कामगारों का जहां एक और शोषण कर रही है वहीं उनके हक और अधिकारों का भी हनन कर रही है। भाजपा सरकार के इस रवैया से संपूर्ण मध्य प्रदेश के सफाई कामगारों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

चौहान ने बताया कि मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय में ठेका प्रथा समाप्त किये जाने, पिछले 20 वर्षों से कार्यरत अस्थाई संविदा और विनयमित कर्मचारियों को नियमित किए जाने, सफाई कर्मचारियों के क्षेत्रफल के आधार पर 1 लाख नवीन पद सृजित कर भर्ती किए जाने, वंचित वर्ग के आरक्षित सफाई कामगार को लाभ दिए जाने, संपूर्ण मध्य प्रदेश में अन्य प्रदेशों की तरह 3 प्रतिशत कोटा अलग से आरक्षित किए जाने, अस्वच्छ धंधे में संलग्न होने के कारण उन्हें 5000 रुपये की विशेष अतिरिक्त राशि दिए जाने तथा सीवर में काम करने के दौरान उनकी अकाल मृत्यु हो जाने पर उनके परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि एवं पुनर्वास व्यवस्था लागू कर उन्हें शहीद का दर्जा दिए जाने सहित अन्य मांगों को प्रमुखता से रखा गया।

इस अवसर पर सफाई मजदूर कामगार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी देवकरण इंदौरा, गोपाल खरे, राजेंद्र बारबसिया, उमेश झा ललित धौलपुर चेतन, अरविंद चौहान, मनोहर गौहर, महावीर वाल्मीकि, रचना वाल्मीकि, प्रीतम पत्थरोड और राहुल लावरे ओर प्रमोद करोसिया आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय नजूल अधिकारी, ग्वालियर-सिटी, जिला ग्वालियर, म .प्र .

**प्रकरण क्रमांक: 0008/अ-20( 3 )/2026-27** **ग्वालियर दिनांक 09.07.2026**

### आम इश्तहार

समस्त आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यकारी संचालक, एम.पी. आई.डी.सी. ग्वालियर वास्ते म.प्र. औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग ग्वालियर द्वारा औद्योगिक प्रायोजन हेतु ग्राम स्वेजफार्म स्थित भूमि सर्वे नं. 284 में से रकवा 1.9690 है., सर्वे नं. 285 रकवा 0.8880 है., सर्वे नं. 286 रकवा 2.7280 है., सर्वे नं. 287 में से रकवा 0.1310 है., सर्वे नं. 290 में से रकवा 0.3770 है., सर्वे नं. 291 रकवा 1.6090 है., सर्वे नं. 292 में से रकवा 0.0410 है., सर्वे नं. 293 रकवा 0.9830 है., सर्वे नं. 294 में से रकवा 1.5680 है., सर्वे नं. 295 में से रकवा 0.2090 है., सर्वे नं. 296 में से रकवा 0.0730 है., सर्वे नं. 309 में से रकवा 0.3760 है., सर्वे नं. 310 में से रकवा 0.0600 है., सर्वे नं. 314 में से रकवा 1.0740 है., सर्वे नं. 315 में से रकवा 0.9720 है.. सर्वे नं. 316 रकवा 0.5650 है., सर्वे नं. 317 रकवा 0.7110 हैक्टेयर भूमि आवंटित किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय, जिला ग्वालियर को आवेदन पत्र क्रमांक 0403010108056-APP-29144015 प्रेषित किया गया है।

अत: उक्त भूमि के आवंटन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था अथवा अन्य जो भी इस प्रकरण में अपने आपको हितधारी समझता हो तो स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के द्वारा न्यायालयीन समय पर न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 23.07.2026 तक अपना पक्ष समर्थन करें। नियत तिथि को उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। तत्पश्चात् किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

यह आम इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 09.07.2026 को जारी किया गया।

G-15563/26

नजूल अधिकारी,
ग्वालियर-सिटी, म.प्र.